ठोस कचरा प्रबंधन के लिए दिए टिप्स

हेरिटेज निगम के हूपर चालक और हेल्पर को दिया प्रशिक्षण

हेरिटेज निगम क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए लगे हूपर चालक और हेल्पर के लिए शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने हूपर चालक और हेल्पर को नगर निगम जयपुर हेरिटेज से निकलने वाले सम्पूर्ण ठोस कचरे का कचरा संग्रहण, वाहन की गति, कचरा निस्तारण केंद्र पर जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि हेरिटेज निगम के चारों जोन में ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पीआईयू टीम और हेरिटेज निगम अधिकारियों ने हूपर चालक और हेल्पर को प्रशिक्षित किया। जिसमें बताया कि प्रतिदिन रहवासी और व्यवसायिक क्षेत्र की सफाई की जाएं और शहर के नागरिकों से हूपर चालक और हेल्पर अच्छा व्यवहार करें। साथी वार्ड में कचरा संग्रहण के लिए निश्चित समय पर जाएं, जिससे कि एक – एक घर से कचरा हूपर में आएं। चालक दल पूरी गणवेश में रहे। आमजन को कचरे के पृथक्करण के लिए बताएं। चालक और हेल्पर का कर्तव्य है की डोर टू डोर कचरा संग्रहण में चार भागो में सूखा कचरा, गीला कचरा, घरेलू हानिकारक और घरेलू सेनेटरी वेस्ट कचरे का घर और दुकानों से पृथक रूप में संग्रहण करें। शहर को स्वच्छ बनाने में हम सभी को एकजुटता से प्रयास करना है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। जन जागरूकता के माध्यम से आम जन को जागरूक कर घरों से कचरा चार भागो में ही लेना है। इन सभी कार्यों के साथ कार्य के दौरान सेफ्टी का ध्यान रखना अनिवार्य है। इस दौरान सभी कर्मचारियों को उनके कार्य क्षेत्र से जुड़े लाभ के बारे में भी बताया गया।

CMS
CMS

श्याम सरकार
नागपुर वेस्ट हैन्डलिग प्रा लिमिटेड
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
RJ14GN5746

कचरा संग्रहण वाहन
नागपुर
नगर
ACE